
हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 296 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 09 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया



यह तस्वीर मई 2023 की है, जब मैदान की बाउंड्री लाईन पर एक झोपड़ी थी।


यह तस्वीर 14 माह बाद मतलब वर्तमान की है, जहां 4 से 5 झोपड़ियां बन चुकी है।


इस तस्वीर में एक खटिया नजर आ रही है, जहां एक और झोपड़ी तैयार होने वाली है।

### 14 महीने में ही सामने आ गया भविष्य...

## कालाखेत मैदान में घुसने की तैयारी में साठिया समाज

### एक झोपड़ी से बन गई चार से पांच झोपड़ियां, एक और की तैयारी



**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कालाखेत मैदान पर मिनी स्टेडियम का सपना सालों पहले देखा गया था। सपना पूरा होना तो दूर की बात है। करोड़ों के कॉम्प्लेक्स पर साठिया समाज के लोगों ने स्थायी कब्जा जमा लिया। इस जमीन को कब्जे से मुक्त कराने में बरती गई कोताही का परिणाम है कि धीरे-धीरे अतिक्रमण बढ़ता गया और झोपड़ों की संख्या भी। कॉम्प्लेक्स की तरफ अतिक्रमण पूरी तरह से हो चुका है। अब यहां जगह ही नही बची। इधर अब नंबर आ रहा है कॉम्प्लेक्स के सामने की साइड का। मैदान की बाउंड्रीवाल से सटकर चार से पांच झोपड़ियां बन चुकी है। 14 माह पहले की बात करें तो इस बाउंड्रीवाल से सटकर एक झोपड़ी तैयार हुई थी। इसके बाद धीरे-धीरे करके अब चार से पांच झोपड़ियां हो चुकी है। अब एक और झोपड़ी की तैयारी है। मतलब यह क्रम लगातार चल रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो संभव है कि झोपड़ियां मैदान के अंदर भी बनना शुरु हो जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि झोपड़ियों को बिल्कुल स्थायी रूप से तैयार किया गया है। अंदर फर्श के साथ लाईट, टीवी सहित अन्य सभी सुविधाएं है। अभी भी अगर यहां ध्यान नहीं दिया गया तो अतिक्रमण और बढ़ सकता है।

**कॉम्पलेक्स पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में**–वर्ष 2000 में कालाखेत मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर अनुराग जैन ने रूपरेखा तैयार कराई थी। मैदान को सुधारकर यहां हॉकी, बास्केटबॉल के कोर्ट बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई। स्वीकृति मिलने के बाद वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने शिलान्यास भी कर दिया। हाउसिंग बोर्ड को निर्माण एजेंसी बनाया गया। हाउसिंग बोर्ड को लगभग 145 दुकानें बनाकर बेचना थीं और बदले में स्टेडियम तैयार करना था, पर हाउसिंग बोर्ड ने 104 दुकानें ही बनाई। लेकिन, इन दुकानों के बाहर साठिया समाज ने डेरा डाल दिया। यहीं कारण है कि यह मार्केट विकसित नहीं हो पाया। जबकि शहर के मध्य करोड़ों की जमीन पर यह दुकानें बनी हुई है।

**शिकायत, प्रदर्शन के बाद भी कुछ नहीं हुआ**–कालाखेत में स्टेडियम निर्माण से पहले बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में साठिया समुदाय के लोग वर्षों से रह रहे हैं। कॉम्प्लेक्स में साठिया समुदाय के रहने से आधी से ज्यादा दुकानें अब तक प्रारंभ भी नहीं हो पाई है। कुछ दुकानों में व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने कई बार शिकायत भी की। इस मामले में सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई। इसके बाद अधिकारी पहुंचे जरुर, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। इसके बाद व्यापारियों ने सड़क पर प्रदर्शन भी किया। लेकिन, स्थिति और ज्यादा विकट हो गई। वर्तमान में स्थिति यह है कि वाहनों के निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**कोई कुछ नहीं कर पाया**–इस मामले में न अधिकारी कुछ कर पाए और न ही जनप्रतिनिधि। कुछ समय पहले तत्कालीन विधायक यशपालसिंह सिसौदिया भी मौके पर पहुंचे थे। यहां साठिया समाज के लोगों से बात की। कलेक्टर को समाज के लोगों को मकान आवंटन के लिए भी कहा गया। साठिया समाज ने भी यहां से जाने के लिए सहमति दी। लेकिन, इसके बाद बात ठंडी पड़ गई। तत्कालीन सीएमओ सविता प्रधान ने एक वृद्धा के झोपड़े को हटाया था, उस समय 15 दिन में साठियों को हटाने की बात कही। तत्कालीन कलेक्टर ओपी श्रीवास्तव ने भी कालाखेत पहुंचकर स्थिति देखी थी। हालांकि गंभीर प्रयासों के अभाव में कोई परिणाम नहीं निकला।

**अब रोड हो गया संकरा**–अभी तक कॉम्प्लेक्स की दुकानों के बाहर साठिया समाज के लोग रह रहे थे। इसके अलावा कॉम्प्लेक्स के परिसर में बनी खाली भूमि में झोपड़े बनाए गए थे। लेकिन, अब स्थिति यह हो गई है कि कॉम्प्लेक्स के सामने कालाखेत मैदान की बाउंड्रीवाल से सटकर झोपड़े तैयार हो गए है। जिसके कारण रोड संकरा हो गया है। यहां बच्चे भी रोड पर खेलते हैं। जिसके कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

### सिलेंडर का कनेक्शन ट्रांसफर कराने की कोशिशें...

## लाड़ली बहना के पति लगा रहे सस्ते सिलेंडर की जुगत

### कलेक्टरों को निर्देश, ध्यान रखें महिला के नाम पर ही हो कनेक्शन

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लाड़ली बहना के पति सरकार की सस्ता सिलेंडर वाली योजना के लिए जुगत लगा रहे हैं। 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर पाने के लिए कनेक्शन पुरुष से महिला के नाम स्थानांतरित कराने से काम नहीं चलेगा। हालांकि यह जुगत या जुगाड़ काम नहीं आएगा। योजना का लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को मिलेगा, जिनके नाम योजना की शुरुआत के समय रसोई गैस कलेक्शन था। इस संबंध में कलेक्टरों को निर्देश भी जारी किए गए है।

#### उज्जवला योजना की लाभार्थी हैं शामिल...

विधानसभा चुनाव के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में शामिल महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की योजना लागू की थी। इसमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थी भी शामिल की गई।

#### योजना सिर्फ लाड़ली बहना के लिए...

योजना का लाभ लेने के लिए कई उपभोक्ताओं ने अपने नाम के स्थान पर कनेक्शन महिलाओं के नाम पर करा लिए पर इसे मान्य नहीं किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का कहना है कि योजना केवल उज्जवला योजना और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना के लिए है। पुरुषों के नाम पर यदि रसोई गैस कनेक्शन है तो उसे मान्य नहीं किया जाएगा।

#### कलेक्टरों को दिए गए निर्देश...

योजना लागू होने के बाद बड़ी संख्या में कनेक्शन स्थानांतरित कराने के प्रकरण सामने आए हैं। इसे देखते हुए सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस बात का ध्यान रखें कि कनेक्शन महिला के नाम पर ही होना चाहिए।

## मयूर कॉलोनी में कुत्ते ने बच्ची को काटा, कई लोगों को भी बनाया निशाना

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** संजीत नाका क्षेत्र में स्थित मयूर कॉलोनी, जो वार्डक्रमांक तीन में आती है। इस कॉलोनी के गली नंबर दो में गुरुवार शाम को आवारा श्वान ने एक तीन वर्षीय बच्ची पर लपका और उसे काट लिया। जैसे ही यह घटना हुई, उस समय वहां मौजूद लोगों ने कुत्ते के हमले से बच्ची को बचा लिया, लेकिन बच्ची के दाहिये हाथ पर कुत्ते ने काटा है, जिसे करीब 4-5 टांके आए हैं। कुत्ते के काटने से बच्ची के अलावा अन्य चार-पांच लोगों पर भी लपकने और काटने की घटना सामने आई है। उधर, मयूर कॉलोनी में यह घटना होने से बच्चों व उनके माता-पिता भी सहम गए हैं। जब यह घटना हुई थी, उस समय बच्ची घर के बाहर ही खेल रही थी।

मयूर कॉलोनी में ही दो वर्ष पूर्व ही आवारा कुत्तों के झूंड में आपस में झगड़ा हुआ था, जिसमें अनेक कुत्तों ने मिलकर एक कुत्ते को मौत की नींद सुला दिया था। ऐसी स्थिति में वर्तमान में घुम रहे इन आवारा श्वानों व पागल कुत्तों की धरपकड़ के लिए नगर पालिका को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है।

### अस्पताल भवन अंदर से हो रहा खराब, कहीं पानी टपकने तो कहीं छज्जा गिरने की होती है घटनाएं...

## बड़े अस्पताल के वर्षों पुरानी ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने का दावा..!

### अस्पताल भवन के मरम्मत पर हो रहा है खर्चा, लेकिन हर वर्ष अवस्था एक जैसी




**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल में वर्षों पुरानी ड्रेनेज सिस्टम है। यह पुराना ड्रेनेज सिस्टम अब बेकार सा होने लगा है। वर्तमान में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने का दावा किया गया है, जो कितना कारगर है, यह समय की परिधि में है। बताते हैं कि ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के लिए टेण्डर भी हुआ है, जो सीधे भोपाल से हुआ है। ऐसे में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की कवायद जारी है। वर्तमान में मेटरनिटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड को छोड़कर अन्य जगह ड्रेनेज सिस्टम नया करने के भी दावे किए गए हैं। उधर, बारिश के मौसम में ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति भी पता चलती है। बारिश का पानी भी चहुंओर रहता है। अस्पताल के बाहरी परिसर में पानी जमा होने के भी समाचार मिलते रहते हैं। हालांकि, ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने की कवायद जारी है।

बड़े अस्पताल का भवन भी वर्षों पुराना हो गया है, जिसकी हालत भी अंदरूनी तौर पर ठीक नहीं है। अस्पताल के भवन में कहीं छज्जे की हालत खरात होती है तो कहीं पर पानी टपकने की स्थिति भी रहती है। प्लास्टर गिरने की भी घटनाएं होती रहती है। पूर्व में हुई बारिश की वजह से मेटरनिटी वार्ड के आसपास भी बारिश का पानी रिसने की स्थिति रही है। यही नहीं छत से पानी लगातार टपकता भी रहा। हालांकि, अस्पताल प्रशासन का दावा है कि हम जहां-जहां भी परेशानी रहती है, वहां-वहां रिपेयर कार्य करवाते रहते हैं। यह बात भी सामने आई है कि रिपेयरिंग कार्य के लिए आउट सोर्स के माध्यम से बजट की डिमांड की जाती है। भवन के मेंटनेंस की देखरेख करना पड़ती रहती है।

**भोपाल स्तर से मांगा था सुझाव, जी-5 के लिए रखी है डिमांड**–बताते हैं कि बड़े अस्पताल में सुधार के लिए और नया क्या किया जा सकता है, इसके लिए सुझाव मांगे गए थे। एक महीने पूर्व बैठक हुई थी। इसमें अस्पताल प्रशासन ने सुझाव के तौर पर जी-5 अथवा जी-7 की डिमांड रखी थी, वैसे जी-5 पर्याप्त श्रेणी में है। मतलब, अस्पताल परिसर में जगह ज्यादा नहीं है, ऐसे में ऊंचाई में इसका जीर्णोद्धार हो जाए तो व्यवस्थाएं और सुलभ होगी। साथ ही मरीजों के परिजनों के ठहरने की सुविधा भी मिल सकेगी। गरमी के मौसम में बड़े अस्पताल में मरीजों की रेलमपेल हुई थी। एक साथ अत्यधिक मरीज आए थे, जिन्हें भर्ती करना पड़ा था। जगह .. शेष पेज 4 पर

#### इनका कहना

जहां-जहां भी रिपेयर की जरुरत होती है, वहां सुधार कार्य कराया जाता है। वर्तमान में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने का कार्य जारी है। ड्रेनेज सिस्टम पुराना था। मेटरनिटी और सर्जिकल वार्ड में ड्रेनेज सुधारने का कार्य लंबित है, जिसे शीघ्र पूरा करवा लिया जाएगा। भोपाल स्तर से यह कार्य हो रहा है। पिछले माहों में हमने सुझाव के तौर पर जी-5 अथवा जी-7 के लिए लिख दिया था। इससे मरीजों व उनके परिजनों को सहुलियत होगी।

**डॉ. अरविन्द वर्मा, प्रबंधक, अस्पताल प्रशासन, मंदसौर**

## कुरावन में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, कई घायल

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाने के ग्राम कुरावन में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार देर शाम दो पक्षों में हुए विवाद ने संघर्ष का रूप ले लिया। इस दौरान दोनों ओर से चले लाठी-डंडे के चलते कई लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार सूचना पर ग्राम कुरावन पहुंचकर मेहर समाज के दोनों पक्षों को समझाया है। जिन्हें चोट लगी थी, उन्हें शामगढ़ अस्पताल लाकर उपचार करवाया गया। पुलिस के अनुसार एक पक्ष के गोपाल मेहर आदि हैं तथा दूसरे पक्ष के पप्पूलाल व भेरुलाल मेहर आदि हैं। बताते हैं कि विवाद का कारण एक ओटला रहा है, जिसके बाद गाली गलौज और मारपीट हुई। यह ओटला किसका है अथवा सरकारी जमीन पर है, इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### चार दिन के रिमांड पर आरोपी, फरार महेन्द्र की तलाश जारी...

## पिकअप में भरा तीन क्विंटल डोडाचूरा बरामद, एक पकड़ाया, दूसरा फरार

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा थाने की टीम ने बुधवार रात्रि में बोलेरो पिकअप का पीछा कर उसमें भरा तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद किया है। मौके से बोलेरो ड्राईवर को पकड़ा गया है, जबकि एक अन्य आरोपी को फरार बताया गया है। आरोपी को चार के रिमांड पर लिया गया है, जिससे तस्करी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना पर सुवासरा पुलिस ने सुवासरा-चौमेहला रोड पर राज दरबार होटल के समीप बोलेरो गाड़ी को रोका। पिकअप क्रमांक एमपी 43जी 5293 की तलाशी ली गई, जिसमें काले कलर के प्लास्टिक के 15 कट्टों में डोडा चूरा होना पाया गया। वजन करने पर डोडा चूरा तीन क्विंटल निकला। इसकी कीमत 6 लाख रूपए आंकी गई है। वाहन चालक इमरान पिता युसूफ मेवाती 23 वर्ष निवासी अजयपुर थाना सुवासरा को गिरफ्तार किया गया है। मामले में धामनिया निवासी महेन्द्रसिंह भी शामिल रहा है, लेकिन उसे फरार बताया गया है। फरार आरोपी महेन्द्र की तलाशी में टीम गठित की गई है। ड्राईवर इमरान मेवाती चार दिन के रिमांड पर है, जिससे सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गाड़ी में डोडाचूरा धमनियां निवासी महेंद्र सिंह ने भरवाया था। मामले में पुलिस ने महेंद्र सिंह को भी सह आरोपी बनाया है जो फरार है। इतनी मात्रा में डोडा चूरा कहां से लाया गया था और कहां पहुंचाया जा रहा था, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, इस कारण आरोपी महेन्द्र की तलाश में पुलिस टीम धामनियां भी पहुंची थी, लेकिन वह वहां नहीं मिल सका। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।


## सर्पदंश से पीड़ित दो मरीज भर्ती, ईलाज जारी

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के मौसम खुलने के बाद सर्पदंश के शिकार मरीज भी बड़े अस्पताल पहुंच रहे हैं। बुधवार को जहां चार जनें आए थे, उसमें एक बालिका की मृत्यु हो गई थी।, वहीं गुरुवार को दो और व्यक्ति सर्पदंश से पीड़ित होने पर ईलाज के लिए बड़े अस्पताल में भर्ती हुए हैं। दोनों का ईलाज जारी है। पुलिस के अनुसार अशोक पिता रमेश मालवीय 28 वर्ष गांव साबाखेड़ा में रहता है, जो गुरुवार दोपहर में खेत पर कृषि कार्य कर रहा था, इस दौरान उसे सांप ने काट लिया। अशोक को दोपहर में भर्ती कराया गया। इसके अलावा शेराबाई पति गोपाल राव 35 वर्ष निवासी भाट रेवास थाना अफजलपुर को भी खेत पर कृषि कार्य करते समय सांप ने काटा, जिसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों उपचार के बाद ठीक हालत में बताए गए हैं।

### हाईकोर्ट ने कहा....

## पुलिस बैंड की ट्रेनिंग के पहले लेनी होगी आरक्षक की सहमति

### मंदसौर के आरक्षकों ने भी लगाई थी याचिका, दस हुए थे सस्पेंड


बैंड बजाने में कोताही बरतने पर दस पुलिस वाले निलंबित

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एमपी हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण राहतकारी आदेश में व्यवस्था दी है कि एमपी पुलिस बैंड में लिखित सहमति के आधार पर ही आरक्षकों को शामिल किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि जिनकी सहमति नहीं है, उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध पुलिस बैंड ट्रेनिंग के लिए मनमाने फरमान जारी कर बाध्य न किया जाए। दरअसल, एमपी पुलिस के कुछ आरक्षकों को पुलिस बैंड में शामिल होने के लिए डमी टीम के तौर पर ट्रेनिंग में जाने के आदेश जारी हुए थे। जिसके विरुद्ध मंदसौर, मऊ गंज और पांढुर्णा के एक दर्जन आरक्षकों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**आदेश को दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों ने चुनौती दी थी**–सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर की एकलपीठ द्वारा पूर्व में पारित आदेश की रोशनी में याचिकाकर्ताओं को राहत दे दी। इस याचिका में पुलिस मुख्यालय द्वार जारी किए गए आदेश को दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों ने चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद सहमति के बिंदु को महत्व देते हुए आदेश पारित किया। इससे याचिकाकर्ता आरक्षकों ने राहत की सांस ली।

**मंदसौर में दस आरक्षक हुए थे सस्पेंड**–मध्यप्रदेश के 5 जिलों के 25 कॉन्स्टेबल को एक हफ्ते के भीतर सस्पेंड कर दिया गया था। इसमें सबसे ज्यादा दस मंदसौर के शामिल थे। इन आरक्षकों की गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने 15 अगस्त की परेड के लिए बैंड प्रशिक्षण में जाने से मना कर दिया था। ऐसा पहली बार हुआ है जब एक साथ हर जिले में इतनी बड़ी संख्या में कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया गया। कॉन्स्टेबल का तर्क था कि हमारी भर्ती जनरल ड्यूटी के लिए हुई थी, बैंड बजाने के लिए नहीं। मंदसौर के अलावा रायसेन, खंडवा, हरदा और सीधी के आरक्षकों पर भी ऐसी कार्रवाई हुई थी।

## भारत की विनेश फोगाट से ओलंपिक का स्वर्ण पदक छीन लिया और हम देखते रह गए...

**उज्जैन/मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय कुश्ती टीम की महिला खिलाड़ी विनेश फोगाट ने क्वार्टर फाइनल में ही रिकॉर्ड बनाकर सिल्वर मेडल तो पक्का कर ही लिया था। सिर्फ एक ही दिन में तीन कुश्ती में बस यही नागवार गुजरा ओलंपिक संघ के उन सूरमाओं को, जिनकी अन्य महिला पहलवानों के साथ विनेश फोगाट ने भी शिकायत की थी। जंतर मंतर पर धरने पर भी बैठी थी। दुनिया की सबसे बेहतर 50 किलो वजन सीमा की जापानी पहलवान सुसाकी बीते सालों में एक भी कुश्ती ना हारते हुए 85 जीत लगातार दर्ज करा कर रिकॉर्ड बना चुकी थी। इसी सुसाकी को भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने फ्रांस में हो रहे ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में ही हरा दिया था। सेमीफाइनल के पहले जब सभी पहलवानों का ट्रायल वजन किया गया था, तब वीनेश का वजन ज्यादा निकला था। ट्रायल वजन के बाद खिलाड़ी को अवसर दिया जाता है फाइनल वजन के पहले कोशिश कर वजन कम करने का। ऐसे प्रयासों के बाद भी विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक निकलने के कारण उन्हें इस कुश्ती स्पर्धा से बाहर कर दिया गया है। जापान की सुसाकी को हराने के बाद पूरे ओलिंपिक खिलाड़ियों ने यह मान लिया था कि भारत के लिए विनेश फोगाट एक स्वर्ण पदक तो ले ही जाएगी। विनेश फोगाट के वजन का अधिक निकलना किसी भी देश के खिलाड़ी और खेल प्रेमियों के गले नहीं उतर रहा है। भारतीय खिलाड़ियों के तो बिल्कुल ही नहीं। क्योंकि, ऐसे अनेक उदाहरण है जिसमें ओलंपिक और विश्वस्तरीय स्पर्धा में कई खिलाड़ियों ने अपना बड़ा हुआ वजन 1 से 4 घंटे में ही कम कर लिया था। भारतीय महिला मुक्केबाज मेरी काम को भी एक विश्व स्तरीय स्पर्धा में ही हिस्सा लेने के लिए चार घंटे में 2 किलो वजन कम करना पड़ा था। इसीलिए विनेश का 100 ग्राम वजन कम ना होना एक साजिश माना जा रहा है। इसे साजिश मानने के लिए विनेश का ही अप्रैल माह का एक ट्वीट भी सामने आया है। जिसमें कहा गया था कि कुछ लोग मुझे ओलंपिक में जाने से रोक रहे हैं। प्री क्वालीफाइंग के पहले मेरे फिजियोथैरेपिस्ट और वरिष्ठ कोच को अभी तक नियुक्त क्यों नहीं किया जा गया है। यहां उल्लेख आवश्यक है कि इस स्तर के खिलाड़ी सिर्फ अपने अभ्यास और खेल पर ही ध्यान देते हैं। बाकी वह कब सो कर उठेगा, कितनी देर प्रैक्टिस और व्यायाम करेगा, क्या खाएगा, कितना खाएगा, कितना लिक्विड पिएगा, किस वजन की स्पर्धा में हिस्सा लेगा। दवा क्या लेगा, इलाज और मालिश कौन करेगा। इन सब का प्रबंध करने वाला स्टाफ रहता है, जो सरकार से लाखों रुपया वेतन लेते हैं। विनेश फोगाट के पहलवान ससुर ने यह प्रश्न उठाया है कि उसके साथ गए डायटिशियन कोच मैनेजर क्या फ्रांस में घूमने गए थे। खिलाड़ियों को छोड़कर इसी मुद्दे पर 2008 बीजिंग ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट मुक्केबाज विजेंद्रसिंह ने कहा है कि यह देश के खिलाफ साजिश है। आगे कहा कि ओलंपिक खिलाड़ी एक रात में 4 किलो वजन कम करने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में 100 ग्राम वजन न घाट पाना साजिश की कल्पना को जाहिर करता है।


चन्द्रमोहन भगत

भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने जब विनेश फोगाट के जीतने पर बधाई संदेश का ट्वीट किया था तब उन्हें कमेंट करते हुए एक यूजर प्रकाश झा ने लिखा था कि विनेश आपसे ज्यादा साहसी खिलाड़ी है और उसकी पीठ में रीढ़ की हड्डी भी है। जवाब में मंत्री ने स्वीकारा था कि स्वीकार है, मेरे पीठ में नहीं है। बहरहाल विनेश फोगाट को ओलंपिक स्पर्धा में खारिज कर दिया गया है। इसके विरोध में राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने बहिष्कार किया है। क्योंकि खेल मंत्री मनसुख मांडवीया का जवाब बहुत हल्का और मात्र औपचारिक रहा। देश भर के खिलाड़ियों में भी नाराजी का वातावरण बन रहा है कि खिलाड़ियों को संभालने वाले अधिकारी फ्रांस किसलिए गए हैं! उन पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

# मल्हारगढ़ विधानसभा में 1 हजार करोड़ की लागत से 212 सड़कें बनी

## उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 9 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया, जिंदगी जीना है तो पेड़ अवश्य लगाएं





**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा का गांव डोडिया मीणा में ग्राम डोडिया मीणा से कोलवा मार्ग पर स्थित शिवना नदी पर 5 करोड़ 86 लाख से निर्मित जलमग्नीय पुल का लोकार्पण किया। इसके बाद 24 लाख 90 रुपए से निर्मित शिवना नदी पर निर्मित स्टॉपडेम जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया। ग्राम धमनार में 2 करोड़ 99 लाख 28 हजार रुपए की लागत से निर्मित शासकीय हाई स्कूल भवन धमनार का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि एक समय था जब यहां पर पुलिया नहीं थी, जिससे आवागमन में बहुत ज्यादा परेशानी होती थी। यहां तक की दुर्घटनाएं भी हो जाती थी, लेकिन अब पुलिया के निर्माण हो जाने से आसपास के कई गांवों को इसका लाभ मिलेगा। स्टॉपडेम की वजह से 10 गांव के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। डैम की वजह से 5 हजार लोगों को फायदा होगा। पूरे मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अब तक 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से 212 सड़कों का निर्माण हुआ है। वहीं 36 डैम निर्मित किए गए हैं। हर खेत तक चंबल का पानी 2 साल में पहुंचेगा। सिंचाई को लेकर किसानों को अब किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी इच्छा अनुसार खेत पर वाल्व चालू करके किसी भी समय खेत में सिंचाई कर सकेंगे। अब बिजली पर भी किसानों को निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रत्येक गांव में अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाएगा और विकास के मामले में पूरे प्रदेश में मल्हारगढ़ को नंबर एक स्थान पर लाया जाएगा। आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा अवश्य लगाएं। सभी लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हो तथा राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति का परिचय दें।

**उप मुख्यमंत्री ने डोडिया मीणा एवं धमनार में पौधारोपण किया**–उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने डोडिया मीणा एवं धमनार में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम अवश्य पौधा लगाएं। मां के ऋण को कभी नहीं चुकाया जा सकता है, लेकिन एक पेड़ लगाकर कर्तव्य निभाया जा सकता है। ग्राम सरपंच लोगों को पौधे प्रदान करें, जिससे किसान भाई पौधे अपने-अपने खेत में लगाएं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि विद्यार्थी अच्छे से पढ़ाई करें। माता-पिता बड़ी उम्मीद से बच्चों को स्कूल भेजते हैं। इसलिए सभी अच्छे से पढ़ें। अच्छे से मेहनत करें। हिंदुस्तान का नाम रोशन करें। यही बच्चे आने वाले भारत का भविष्य है। सरकार ने पढ़ाई को लेकर हर तरह की सुविधा प्रदान की है। सीएम राइज स्कूल बनाए गए हैं, जहां पर अत्याधुनिक तरीके से बच्चों को शिक्षा मिलेगी। सीएम राइज स्कूलों का लाभ प्राप्त करें और बेहतर भविष्य का निर्माण करें। स्वच्छता का विशेष तौर पर ध्यान रखें। हम सभी को भी स्वच्छता का विशेष तौर पर ध्यान रखना है। तभी विकसित भारत बनेगा। सफाई के लिए हम सभी को संकल्प भी लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्री नानालाल अटोलिया, जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक, स्कूल के बच्चे, पत्रकार मौजूद थे।



मंदसौर जिले के विद्यालयों के छात्र –छात्राओं ने सरहद पर तैनात जवानों के लिए...

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों को भेंट की रक्षा सूत्र

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर इकाई द्वारा चलाई गई मुहिम जिसमे पूर्व सैनिक संगठन के पिपलिया मंडी, नारायणगढ़ नाहरगढ़, शामगढ़, सीतामऊ, अफजलपुर के सभी पूर्व सैनिकों ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से राखियां एकत्रित कर संगठन के माध्यम से सरहद पर तैनात जवानों के लिए रक्षा सूत्र भेजा।

इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए शासकीय कन्या उ.मा.वि. नाहरगढ़, एकलव्य पब्लिक स्कूल नाहरगढ़, डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर पिपलिया मंडी, प्रेरणा इंग्लिश एकेडमी, माउंट कार्मस इंग्लिश हाई स्कूल, शारदा हाई सेकेंडरी पिपलिया मंडी, संस्कार निकेतन हाई स्कूल नारायणगढ़, वात्सल्य पब्लिक स्कूल मंदसौर, करणी इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल मंदसौर, सरस्वती शिशु मंदिर पालडी, द संस्कार एक्सीलेंस स्कूल बिल्लोद, सरस्वती शिशु मंदिर गुराडिया देदा, रेनबो इंटरनेशनल स्कूल अफजलपुर, सरस्वती शिशु मंदिर अफजलपुर, डी एस साइंस अकादमी स्कूल शा.उ.मा.वि. व शा.मा. वि. अफजलपुर ए बी जी एम विद्यालय तुमडावदा के छात्र-छात्राओं ने स्वयं हाथ से सुंदर-सुंदर राखियां बनाकर अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों को सौंपी सभी विद्यालयों से एकत्रित हुई राखियों को पूर्व सैनिक संगठन द्वारा आज डाक के माध्यम से अलग अलग आर्मी बटालियन में देश की सरहद पर रक्षाबंधन से 11 दिन पूर्व भेजी गई राखियां ताकि रक्षाबंधन से पहले हमारे फौजी भाई अपनी कलाई पर राखिया बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मना सके। जिले के सभी विद्यालयों ने पूर्व सैनिकों द्वारा चलाई जारी इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवम् आमजन के अंदर देशभक्ति की भावनाएं जागृत होगी वहीं पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने स्वनिर्मित राखियां बनाकर कर भेंट करने वाले जिले के सभी विद्यालय के प्राचार्य समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं को इस कार्य के लिए आभार प्रकट किया, मंदसौर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री संजय दीक्षित व संगठन के मार्गदर्शक एस के त्रिपाठी ने कहा है कि संगठन के द्वारा यह मुहिम पहली बार शुरू किया और बहुत ने वर्हद रूप में जिले भर के करीब 20 विद्यालय से राखियां भेजी गई सैनिक भाईयो के लिए जो की काफी प्रशंसनीय है इस कार्य में विद्यालय पहुंचकर राखियां एकत्रित करने में सहयोग करने वाले पूर्व सैनिक सेवानिवृत्ति सूबेदार शंभू गिरी गोस्वामी, धर्मेंद्र सोनी, ऋषि राज गुर्जर, रूपचंद महावर, जितेंद्र सिंह सोनगरा, कमलेश देवड़ा, नरेंद्र खटवड, नरेंद्र पाटीदार, कमल सिंह चंद्रावत, मदन धनगर, दशरथ सिंह डांगी, बंशी पाटीदार, संजय शर्मा, कोमल प्रसाद, केपी सिंह, रामनारायण गुर्जर इन सभी पूर्व सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा सभी ने एक एक विद्यालय पहुंच कर राखियां एकत्रित कि। संगठन जिला सचिव भगवत सिंह सिसोदिया ने कहा कि सैनिक संगठन द्वारा इसी वर्ष इस मुहिम कि शुरूआत कि गई जो की काफी कारगर साबित हुई ऐसे कार्य स्कूल के बच्चो व आमजन के बीच में सैनिक संगठन द्वारा आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# चना गायब करने वाले की तलाश

## चौकीदार और इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध, एग्रीकल्चर कॉलेज से गायब हुआ 125 क्विंटल चना

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के बादरी फॉर्म से 124 क्विंटल चना गायब होने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि न तो गोडाउन का ताला टूटा, न सीसीटीवी में संदिग्ध नजर आया। इसके बाद भी एग्रीकल्चर कॉलेज परिसर में बने गोदाम से करीब पौने 9 लाख का चना गायब हो गया।मामले में कृषि विज्ञान केंद्र के एसपी त्रिपाठी ने नई आबादी थाना पुलिस को एक आवेदन दिया है। इसमें 125 क्विंटल चना गायब होने की सूचना दी गई है। आवेदन में चौकीदार आशीष पिता सत्य नारायण लोहार निवासी मेनपुरिया पर शंका जाहिर की गई है। दरअसल, मामले में फार्म के इंचार्ज की भूमिका भी इस मामले में कटघरे में बताई जा रही है। उन पर इससे पहले भी अमानत में खयानत का आरोप लग चुका है।

**चोरी नहीं गायब हुआ चना–** बताया जा रहा है कि अप्रैल 2024 में पाटन फॉर्म पर रखा करीब 100 क्विंटल चना असुरक्षा के मद्देनजर मंदसौर कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय के बादरी फॉर्म में सुरक्षित रखा गया था। जबकि 25 क्विंटल चना महाविद्यालय का था। इस तरह कुल 125 क्विंटल चना फॉर्म में रखा गया था।सोमवार 5 अगस्त को देखरेख के लिए यहां का ताला खोलने गए तो चाबी से ताला नहीं खुला। काफी मशक्कत के बाद पता चला कि ताला बदल दिया है तो ताला तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो यहां रखा 125 क्विंटल चना जो करीब साढ़े 8 लाख से अधिक कीमत का चना गायब मिला। इसके बाद पुलिस को एक आवेदन दिया है जिसे पुलिस ने जांच में लिया है।

**इंचार्ज की भूमिका भी संदिग्ध–** पुलिस को दिए आवेदन में चौकीदार आशीष लोहार पर शंका जताई है। जबकि लोगों का कहना है कि मामले में इंचार्ज की भूमिका भी संदिग्ध है। बताया जा रहा है कि बादरी फार्म के इंचार्ज के पद पर वर्तमान में बसंत कचौली पदस्थ है। स्टोर का चार्ज भी इनके पास ही है। 125 क्विंटल चना गायब होने के बाद फॉर्म इंचार्ज की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अप्रैल माह में चना रखने के बाद कचौली ने इसे दोबारा चेक नही किया।अब सवाल यह उठता है कि फॉर्म का ताला किसने बदला और इसकी खबर अब तक किसी को क्यों नहीं हुई? जबकि यहां चौकीदार की तैनाती है। ऐसे कई सवाल है जिनके जवाब पुलिस को खोजने होंगे ।मामले में नई आबादी टीआईए वरुण तिवारी ने बताया कि एग्रीकल्चर कॉलेज से 125 क्विंटल चना गायब होने का एक आवेदन मिला है मामले में जांच की जा रही है।

# पांच सड़कों के लिए 15.1 करोड की राशि स्वीकृत

**मनासा, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा में विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू की अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग से 11.6 किमी लम्बी 5 सड़को की स्वीकृति मिली है। उक्त सड़को के लिए करीब 15 करोड़ 1 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। विधायक मारू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, उपमुख्यमंत्री जगदीश जी देवड़ा ओर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह जी का आभार माना और महत्वपूर्ण सौगात पर क्षेत्र वासियो को बधाई दी।

**यह सड़क निर्माण स्वीकृत हुए हैं–** लोक निर्माण विभाग ने पलासिया से हरिपुरा मार्ग 1.60 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 06 लाख की राशि जारी की। लबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक मारू ने सबंधित विभाग से सड़क निर्माण की स्वीकृति हेतु डीपीआर बनवाई ओर मंत्रालय को भेजी। वही साकरिया खेड़ी से कोराखेड़ी, अल्हेड बायपास, कुंदवासा से कोराखेडी अरनिया माली से अचलपुरा की भी सड़क निर्माण स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करवाया। विधायक मारू ने उक्त सड़को की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश जी देवड़ा ओर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह जी से भेंट भी की। परिणाम स्वरूप उक्त सड़को की स्वीकृति जारी कर दी गई है। विधानसभा के साकरिया खेड़ी कोराखेड़ी ओर कुंदवासा के पास कोराखेडी



ग्राम वासियो को विधायक मारू के प्रयास को विशेष फायदा मिला है। दोनों कोराखेड़ी वासियो को अब पक्की सड़क मिलेगी। यहां साकरिया खेड़ी से कोराखेड़ी करीब 1.10 किमी लम्बी सड़क के लिए 1 करोड़ 25 लाख की स्वीकृति मिली है वही कुंडवासा से कोराखेडी मार्ग 1.50 किमी के लिए 2 करोड़ 37 लाख की स्वीकृति मिली है।करीब 6 किमी लम्बी अरनिया माली से अचलपुरा मार्ग के लिए 6 करोड़ की राशि जारी की गई है। उक्त सड़को की स्वीकृति पर विधायक मारू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, उपमुख्यमंत्री जगदीश जी देवड़ा ओर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह जी का आभार माना और महत्वपूर्ण सौगात पर क्षेत्र वासियो को बधाई दी। जल्द उक्त सड़को के टेंडर जारी ओर वर्क आर्डर मिलने पर भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे।

**अल्हेड को मिला बायपास–** अल्हेड वासियो के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि मिली है। सालो से अल्हेड में बायपास निर्माण की मांग की जा रही थी। कई बार ग्रामीणों विधायक मारू से मांग की श्री मारू ग्रामीणों की परेशानी को प्रमुखता से लिया और बायपास की स्वीकृति का हर सम्भव प्रयास किया। आज इसी का परिणाम है ग्रामीणों की जागरूकता ओर विधायक मारू की पहल से अल्हेड बायपास की स्वीकृति मिल गई है। उक्त बायपास के लिए 1 करोड़ 88 लाख रुपए की राशि मिली है। इसमें करीब डेढ़ किमी लम्बी सड़क बनेगी। विधायक मारू ने अल्हेड वासियो को बधाई दी।

# भारी बारिश का दौर थमा

## हल्की बारिश की संभावना, अगले कुछ दिन तेज बारिश नहीं

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में पिछले तीन चार दिन से बारिश थमी हुई है। बुधवार को कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम जानकारों के अनुसार अगले कुछ दिन तेज बारिश की संभावना नहीं है।हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश होती रहेगी। जिले में अबतक 21 इंच बारिश दर्ज हुई है। जिले में धूप छांव वाला मौसम बना हुआ है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। आज प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्से के 17 जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है।आईएमडी भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 9 से 12 अगस्त तक प्रदेश में बारिश की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी नहीं है। इस अवधि में अल्प बारिश का दौर बना रहेगा। डॉ. सिंह के मुताबिक प्रदेश में गरज-चमक की एक्टिविटी बनी हुई है। आकाशीय बिजली गिरने या चमकने की संभावना बनी हुई है। इस लिहाज से मौसम विभाग ने लोगो को अलर्ट किया है।

**जिले में कहां कितनी बारिश–** जिले में बुधवार सुबह तक ओवरऑल 535 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 7 जुलाई तक 379 एमएम बारिश दर्ज हुई थी। इधर चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1299.89 फीट पहुंच गया है।

## एमपी बोर्ड : फरवरी में परीक्षा, प्री-बोर्ड को लेकर संशय

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) ने मंगलवार को हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 की तारीखें घोषित कर दी हैं। इसके बाद परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी कलेक्टरों को 30 सितंबर तक परीक्षा केंद्र निर्धारित करना होंगे। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर स्कूल के प्राचार्यों से कहा गया है कि वह मासिक टेस्ट पर फोकस करें और इसके अनुसार ही तैयारी कराएं।वहीं इस बार प्री-बोर्ड एग्जाम होगा या नहीं इस पर भी संशय बना हुआ है, इसकी वजह यह है कि दिसंबर में छमाही परीक्षा के बाद इतना समय नहीं मिल पाएगा कि प्री-बोर्ड एग्जाम कराया जाए और उसके रिजल्ट का विश्लेषण कर छात्रों को तैयारी करवाई जाए। पिछले सत्र में भी प्री-बोर्ड का आयोजन नहीं किया गया था।उल्लेखनीय है कि बोर्ड द्वारा जो डेटशीट घोषित की गई है उसके अनुसार हाई स्कूल की परीक्षा 27 फरवरी को शुरू होकर 19 मार्च को खत्म होगी। वहीं, हायर सेकेंडरी परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होगी और 25 मार्च को खत्म होगी। इस बार भी फरवरी माह में परीक्षा होने की वजह से प्री-बोर्ड परीक्षा कब होगी इस पर संशय है। पहले तय किए गए शेड्यूल के अनुसार दिसंबर में छमाही, 15 जनवरी के बाद प्री-बोर्ड और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाती थीं। लेकिन अब फरवरी में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होंगी।

# कुकड़ेश्वर नगर भ्रमण पर निकलेंगे राजाधिराज श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव



**मनासा, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सावन मास भगवान शिव का प्रसिद्ध माह है इस माह में कई शिव भक्त कावड़ यात्रा कर देवाधिदेव महादेव का अभिषेक करते है। सावन मास में सावन सोमवार का बड़ा महत्व है। सावन सोमवार को देशभर में हर शिव मंदिर में भक्तो का ताता लगा होता है। यदि हम बात करे मध्यप्रदेश के नीमच जिले के कुकड़ेश्वर नगर की तो, यँहा भी प्रतिवर्ष सावन मास के अंतिम सोमवार को भगवान भोले बाबा की भव्य शाही सवारी निकली जाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी आगामी दिनांक 12 अगस्त 2024, सोमवार को भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होगी। जो रंगारा चौक, तंबोली चौक, भटवाडा मौहल्ला, मुखर्जी चौक होते हुए बस स्टेण्ड पहुंचेगी। बस स्टेण्ड पर नगर परिषद के तत्वाधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा जायेगा। सावन महीने में रक्षाबंधन का त्यौहार भी होता है, जो की सावन माह के आखरी सोमवार को है इस कारण से इस वर्ष चौथे सावन सोमवार को श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकली जाएगी। सुबह श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव का अभिषेक, पूजन व शृंगार कर बैंड बाजे के साथ भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव पालकी में विराजित होकर, नगर भ्रमण कर पार्वती मंदिर जिसे माता पार्वती का माइका कहा जाता है होते हुए श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव मंदिर पहुँचेगी। शाही सवारी में प्रमुख आकर्षण का केंद्र - ढोल, डी.जे, नगाड़े, तासे, मजीरे, अखाड़ा, राजस्थानी घोड़िया, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बस स्टैंड कुकड़ेश्वर पर रहेगा। तत पश्चात श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव परिसर में महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की जाएगी। इस महा आरती में सैकड़ो लोग सम्मिलित होते है। श्रावण उत्सव समिति ने अपील की है की अधिक से अधिक लोग इस शाही सवारी में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेवे।

## बाईक भिड़ी, एक युवक घायल

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** डिगांव और माल्या मगरे के बीच गुरुवार दोपहर दो बाईक की आमने–सामने की टक्कर हुई, इससे एक युवक को गंभीर चोट लगने पर उसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार परमेश्वर पिता आनंददास बैरागी 35 वर्ष निवासी माल्या खेरखेड़ा थाना नाहरगढ़ उपचाररत है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

## बाइक सवार से 60 लीटर शराब जप्त

**पिपलियामंडी, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बाइक पर शराब तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने सगरग्राम से फोरलेन होते हुए चंगेरी गांव की ओर आ रहे बाइक एमपी 44 एमआर 0735 के चालक को रोका, तलाशी के दौरान उसके साइड में बंधी प्लास्टिक केनों से 30-30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब, बाइक जब्त कर आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# मंदसौर फुटबॉल संघ की टीम का चयन कल

**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा रतलाम में दिनांक 25 अगस्त से 3 सितम्बर तक मध्य प्रदेश सीनियर बॉयज चैम्पियनशिप की स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इसके लिए मंदसौर ज़िले की टीम का चयन किया जाना है। जिसके लिए इस शनिवार 10 अगस्त को शाम को 5 बजे फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल्स रखा गया है, जो भी खिलाड़ी मंदसौर की फुटबॉल टीम में खेलने के इच्छुक है वो 10 अगस्त, शनिवार को शाम को 5:00 बजे पी. जी. कॉलेज ग्राउंड, मंदसौर में ट्रायल्स के लिए अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

यह निर्णय मंदसौर जिला फुटबॉल संघ की बैठक में लिया गया। जिला फुटबॉल संघ सचिव श्री विपिन शर्मा ने बताया की ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अलग अलग मानदंडों पर परखा जाएगा और उसके बाद संभावित 20 खिलाड़ियों की लिस्ट तैयार की जाएगी और उनका प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन 20 खिलाड़ियों में से मंदसौर की फुटबॉल टीम के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो की रतलाम में होने वाली सीनियर बॉयज चैंपियनशिप में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल मैं पूरे मंदसौर जिले से कोई भी खिलाड़ी ट्रायल के लिए आ सकता है। जो भी खिलाड़ी ट्रायल्स के लिए उपस्थित होंगे, उन्ही में से टीम का चयन किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को पूरी फुटबॉल किट में ट्रायल्स के लिए आना होगा अन्यथा उनको ट्रायल्स में भाग लेने नही दिया जाएगा। बैठक में संघ अध्यक्ष श्री बाबूलाल गुर्जर, राजेश चौहान, ईश्वर सिंह चौहान, गोपाल तनान, सुरेंद्र प्रताप सिंह, राकेश श्रीवास्तव, कु. दीप्ति बैरागी, दीपक शर्मा, कमल कंडारे, गोरधन सिंह चौहान, मेहमूद खान, अनिल सुरा, सूरज ग्वाला, अंकित मंडोवरा, वसीम खान, मुकेश हिवे तथा अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने चार संस्थानों से लिए सेम्पल



**मंदसौर, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** त्यौहारों पर आमजनों को शुद्ध एवं ताजी खाद्य सामाग्री मिलें इसके लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 8 अगस्त गुरूवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 8 अगस्त गुरूवार को कार्यवाही के दौरान लक्ष्मी सुपर बाजार से घी, अमृत होटल दलौदा से मावा बर्फी, माधव होटल दलौदा सें केशर बर्फी और खेतेश्वर बिकानेर स्वीटस दलौदा से मिल्क कैक के नमुने लिये गये हैं।

## मेड पर ट्रेक्टर चढ़ाने से रोका तो महिला को पीटा

**पिपलियामंडी, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मेड पर ट्रेक्टर चढ़ाने के विवाद में महिला के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ थाने पर सूरजबाई पति दिनेश गुर्जर ने शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी खेत के पांतीदार ईश्वरलाल गुर्जर व भैयालाल गुर्जर ने मेरी खेती की मेड पर ट्रेक्टर चढ़ाकर चारा खराब कर दिया। मैंने मना किया तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे कान व सिर पर चोंट आई व मेरे सोने-चांदी के जेवर भी गिर गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## घर के पीछे की खिड़की तोड़कर घुसे चोर

**पिपलियामंडी, 8 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** घर के पीछे की खिड़की तोड़ चोर नकदी व जेवर ले उडे, दो अन्य जगह भी चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन चोर कुछ ले जा नही पाए। मगराना निवासी डालूराम पिता शिवनारायण पाटीदार ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सुबह 5 बजे उठा तो घर के पीछे की खिड़की टूटी हुई थी, घर में रखी लोहे की तीन पेटियां नही थी, तलाश की तो पेटियां घर के पीछे खेत में मिली। चोरों ने घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। पेटी में रखे करीब एक लाख रुपए नकदी व 500 ग्राम चांदी के जेवर कंदोरा, पायजेब, भुंवरा, चेन चोरी हुई है। चोरों ने गांव में भुवानीशंकर पाटीदार के घर की भी जाली तोड़ी व विनोद पाटीदार के घर का भी ताला तोड़ा, लेकिन कुछ ले जा नही पाए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामला जांच में लिया।

## बड़े अस्पताल के वर्षों पुरानी ड्रेनेज ... पेज 1 से जारी

ज्यादा नहीं होने यानी बिस्तर नहीं होने से एक बिस्तर पर दो मरीजों को सुलाना पड़ गया था। वैसे, ऊपर से आदेश थे कि किसी भी मरीज को नीचे नहीं सुलाया जाए, ऐसी स्थिति में एक बेड पर दो मरीजों का ईलाज होने की स्थिति बनी थी। हाल ही में जो सुझाव दिया गया है, उसके मंजूर होने पर अस्पताल भवन में मरीजों की भर्ती की स्थिति में भी सुधार आ सकेगा। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या भी बढ़ सकेगी। हालांकि, यह सुझाव के तौर पर यह प्रक्रिया हुई है, जो मूर्तरूप कब लेगी, कहा नहीं जा सकता है।

**कई वर्षों से भवन को ठीक करने की होती रही है मांग**–बता दें कि पिछले कई सालों से अस्पताल भवन को ठीक करवाने की मांग की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भी इसका प्रस्ताव रखा जा चुका है। सरकारी फंड के अभाव में जिम्मेदारों द्वारा भेजा गया प्रस्ताव पूर्व में पास नहीं हो पाया है। उधर, बड़े अस्पताल की बाहरी तौर पर भौतिक कायापलट जरूरी हुई है। बाहर से देखने में अस्पताल सुंदर लगता है, जबकि भीतर में ईमारत कई जगहों से खराब हो रही है।

**रोकस भी खर्च कर सकती है जनहित में रुपया!**–अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए रोगी कल्याण समिति भी कार्यरत है। रोकस के पास रूपया आता–जाता रहता है। संचित निधि से जनहित में रोकस भी रूपया खर्च कर सकती है। रोकस के अधीन ही अनेक दुकानें है, जिसका किराया भी माहवार आता है।

**सरकारी योजनाओं की चलायमान पट्टिका बंद**–मरीजों की सहुलियत के लिए अस्पताल में चलायमान पट्टिका लगाई गई थी, जिसमें शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाती रही। शुरुआत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वाहवाही अपने पक्ष मैं कराई थी। कुछ समय तक मिली जानकारी के बाद पट्टिका कब हट गई, किसी को पता तक नहीं चला। मरीजों को उनके हित में चल रही योजनाओं का पता नहीं चल पा रहा है।

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14एडी 7108 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में नानूराम खटीक पिता भेरुलाल निवासी गर्रावद, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती लीलाबाई पति नानूराम खटीक निवासी गर्रावद, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## कार्यालय नगर परिषद सुवासरा, जिला मन्दसौर (म.प्र.)

क्रमांक 2454/2024 दिनांक 07/08/2024

***** विज्ञापन *****

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित निम्न पदों की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 23/08/2024 को सायं 5.00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिश: नगर परिषद सुवासरा, जिला मन्दसौर के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

| सक्र | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रेल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बीनापन, एसिड, अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नियमित सफाई संरक्षक | चतुर्थ | 15500-49000 लेवल एक | 1 | 0 | 0 | 0 | पांचवी कक्षा उत्तीर्ण |
| 2. | संविदा सफाई संरक्षक | चतुर्थ | 8000/- या वर्तमान कलेक्टर दर जो भी अधिक हो | 0 | 1 | 0 | 0 | पांचवी कक्षा उत्तीर्ण |

मुख्य शर्तें:- 1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 2. इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिये। 3. आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 4. आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष के लिये 21 वर्ष, महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जावेगा। 5. प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिदा अभ्यार्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू/साक्षरता के लिये आमंत्रित किया जावेगा। उक्त की सूचना आवेदक की मेल आईडी पर दी जावेगी। 6. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा। 7. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये। 8. भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी निकाय की वेबसाइट https://mpurban.gov.in/ कलेक्टर कार्यालय/जिला पंचायत कार्यालय / निकाय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। 9. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे। 10. आवेदन भेजने का पता-मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपरिषद सुवासरा, किशोरपुरा रोड, सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)पिन कोड 458888, 11. आवेदन का प्रारूप कार्यालयनगर परिषद सुवासरा से प्राप्त कर सकते है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, सुवासरा, जिला मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in